उदासीनता

भाटा दोन और कचनारी घाट पर बेखौफ उत्खनन, सात साल से गर्मियों में सूख रही नदी

हिरन नदी पर रेत माफिया का कब्जा



सिहोरा नवभारत 25 अक्टूबर। हिरन नदी के घाटों पर रेत के कथित अवैध उत्खनन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। सिहोरा तहसील के भाटा दोन और कचनारी घाट से अवैध रूप से रेत निकाले जाने की शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि शाम ढलते ही रेत उत्खनन में लगे लोग सक्रिय हो जाते हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर नदी के घाटों पर कथित अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए जिम्मेदार विभाग कब सख्त कदम उठाएगा?

ग्रामीणों के मुताबिक, हिरन नदी का प्राकृतिक स्वरूप लगातार प्रभावित हो रहा है। उनका कहना है कि पिछले करीब सात वर्षों से गर्मी आते ही नदी के सूखने की समस्या सामने आती रही है। नदी से बड़े पैमाने पर रेत निकाले जाने की शिकायतों ने पर्यावरण और जल संरक्षण को लेकर चिंता बढ़ा दी है। हालांकि, नदी के सूखने के कारणों और अवैध उत्खनन के प्रभाव की पुष्टि के लिए वैज्ञानिक जांच जरूरी है।

ग्रामीणों की दो टूक मांग

अवैध उत्खनन पर लगे रोक-हिरन नदी के संरक्षण को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द हस्तक्षेप करने की मांग की है। उनकी मांग है कि संबंधित घाटों पर निगरानी बढ़ाई जाए, अवैध उत्खनन की जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

प्रशासन कब जागेगा

अब बड़ा सवाल यह है कि हिरन नदी के अस्तित्व और प्राकृतिक स्वरूप की रक्षा के लिए प्रशासन कब जागेगा? क्या संबंधित विभाग इन शिकायतों पर मौके की जांच कर कार्रवाई करेगा, या नदी के घाटों पर अवैध उत्खनन की शिकायतें यूं ही उठती रहेंगी?

शिकायतों के बावजूद रोक नहीं

भाटा दोन और कचनारी घाट से अवैध उत्खनन की शिकायतों के बीच प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। यदि इन शिकायतों में सच्चाई है, तो यह न केवल खनन नियमों के उल्लंघन का मामला है, बल्कि नदी के संरक्षण से जुड़ा गंभीर विषय भी है। जरूरत इस बात की है कि संबंधित विभाग मौके पर जांच करे और अवैध उत्खनन पाए जाने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करे।



शरद पूर्णिमा की व्रत-पूजा से आरोग्य की कामना

महिलाओं ने अर्पित किए खोवे के लड्डू

बेलखाडू नवभारत 25 अक्टूबर। धन ,सुख और आरोग्य की प्राप्ति हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में घर घर में महिलाओं ने आज शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर व्रत रखा। घरों में, मंदिरों व एक स्थान पर सामूहिक रूप से विद्वान शास्त्रियों पंडितों द्वारा भगवान श्रीहरि विष्णु, माता लक्ष्मी व श्रीकृष्ण , चन्द्रदेव का विधिवत पूजन अर्चन कराया। इस दौरान महिलाओं ने खोवे और शक्कर से निर्मित तीन पाव बजनी लड्डू रूपी पेड़े का भोग भी भगवान को अर्पित किया। साथ ही इसे प्रसाद के रूप में महिलाओं ने पति संग ग्रहण किया।

खीर के प्रसाद का महत्व

ऐसी धार्मिक मान्यताएं है कि शरद पूर्णिमा की रात को चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से परिपूर्ण रहता है। मान्यता है कि इस रात चांदनी में खीर रखने से उसमें अमृत तुल्य गुण आ जाते हैं, जिसे अगले दिन प्रसाद के रूप में बांटा जाता है । साथ ही ऐसी मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और पूछती हैं। 'को जागृति' (कौन जाग रहा है?)। इसलिए इस रात को जागरण और भजन-कीर्तन का विशेष महत्व होता है।

धान पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाने की मांग

पटवारियों की हड़ताल से किसानों को नहीं मिल पाई सूचना



सिहोरा नवभारत 25 अक्टूबर। धान पंजीयन की निर्धारित तिथि समाप्त होने के बाद भी अनेक किसान अपनी उपज का पंजीयन नहीं करा सके हैं। पटवारियों की हड़ताल के कारण पंजीयन के दौरान कई किसानों के रकबे पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे थे। इसके चलते किसान चाहकर भी अपनी धान की उपज का पंजीयन कराने से वंचित रह गए।

किसानों का कहना है कि पूर्व में धान पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गई थी, लेकिन पटवारियों की हड़ताल के कारण राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित होने से अनेक किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रकबा प्रदर्शित नहीं होने के कारण वे निर्धारित समय सीमा में पंजीयन नहीं करा सके। इसका सीधा असर किसानों की उपज के समर्थन मूल्य पर विक्रय की प्रक्रिया पर पड़ सकता है।

3 से 5 दिन बढ़ाई जाए तिथि

इस समस्या को देखते हुए किसान राजकुमार यादव, सेवाराम पटेल, अशोक यादव, देवेंद्र नायक, नरेंद्र त्रिपाठी, सीताराम पटेल, शीतल पटेल सहित अन्य किसानों ने राज्य सरकार से धान पंजीयन की तिथि कम से कम 3 से 5 दिन बढ़ाने की मांग की है।

रकबा संबंधी त्रुटियों में सुधार हो

किसानों ने कहा कि सरकार को किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए पंजीयन का एक और अवसर प्रदान करना चाहिए, ताकि रकबा संबंधी त्रुटियों को सुधारा जा सके और वंचित किसान अपनी उपज का पंजीयन करा सकें। किसानों ने शासन से मांग की है कि उनके हितों को ध्यान में रखते हुए धान पंजीयन की तिथि तत्काल बढ़ाई जाए, जिससे कोई भी किसान अपनी उपज के पंजीयन से वंचित न रहे।

अब पेपर पढ़ने और हिसाब लिखने में नहीं होगी परेशानी

देवरानी, जेठानी ने दी एक साथ परीक्षा, नवभारत साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

बेलखाडू नवभारत 25 अक्टूबर। संकुल केंद्र बेलखाडू अंतर्गत उल्लास नवभारत साक्षरता केन्द्र शंकर चमन नगर मे गत दिवस साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन हुआ जिसमे नव असाक्षार 50 परीक्षा मे बढे साक्षरता मूल्यांकन की परीक्षा मे साक्षर होने हेतू इस अवसर पर साक्षरता परीक्षा मे इस केन्द्र मे एक अनूठा परिदृश्य देखने मिला इसमे देवरानी रानी केवट और जिठानी चंदा केवट एक ही घर से परीक्षा मे सम्मिलित हुई ।

बताया जाता है कि दोनो की उम्र 40 से 35 रही। वह दोनों साक्षर होने के लिऐ इस परीक्षा के प्रति बहुत खुश नजर आई वह अब पेपर को पढ़ एवं लिख लेती है साथ ही घर के हिसाब किताब भी कर लेती है। इसी अवसर पर शाला के शिक्षक प्रीती बर्मन , सरिता साहू , और नोड़ल





अधिकारी संजय चौबे शिक्षक उपस्थित रहे साथ ही इस साक्षरता अभियान की सब से अहम कडी अक्षर साथी भी उपस्थित रहे ।और शासन की इस साक्षरता अभियान के अधिकारी वरिष्ठ कार्यालय पनागर,बेलखाडू, जबलपुर से भी उपस्थित रहे । साक्षरता संकुल समन्वयक रिचा मुछारिया ,बेलखाडू ,रिता मेड़म जन शिक्षा केन्द्र जन शिक्षिका ,फरीदा खान पनागर से उपस्थित रही तथा शाला प्रबंधन समिति शासज्प्राथज़्शाला के अध्यक्ष और सभी सदस्य उपस्थित रहे ,सभी स्वागत और तिलक वन्दन किया गया । अक्षर साथीयो का सम्मान किया गया इस के पूर्व की साक्षरता परीक्षा के पास हुऐ साक्षरो का भी सम्मान किया गया और अंक सूची प्रदान की गई ।

सूरतलाई स्कूल में भी परीक्षा सम्पन्न

विकास खण्ड पनागर, संकुल बेलखाडू के अन्तर्गत शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला सूरतलाई में शासन के निर्देशानुसार शनिवार को उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें 08 - षुरुष 22- महिला कुल 30 व्यक्ति परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें राजेश कुमार चौधरी प्रधानाध्यापक, इन्द्र सिंह राजपूत, रश्मि सोनी, सपना जैन, फूल बाई यादव, राजेश पटेल, देवेन्द्र धुर्वे की उपस्थिति रही।

सैलवारा धाम में नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

48 मरीजों की हुई जांच, 17 में मोतियाबिंद की पहचान, ऑपरेशन के लिए जबलपुर रेफर

सिहोरा नवभारत 25 अक्टूबर। स्व. श्रीमती शकुंतला तिवारी स्मृति सेवा समिति द्वारा स्वस्थ भारत विजन मिशन के अंतर्गत सेवा संकल्प अभियान के तहत विश्व दृष्टि दिवस एवं शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में सैलवारा धाम आश्रम, मझगवां में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को नेत्र संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक करना तथा जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था।शिविर में ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे 48 मरीजों की नेत्र जांच के साथ ब्लड प्रेशर (बीपी) एवं शुगर की स्क्रीनिंग की गई। जांच के बाद आवश्यकता के अनुसार मरीजों को नि:शुल्क चश्मे एवं आई ड्रॉप्स उपलब्ध कराए गए। शिविर में विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श भी दिया गया।



जांच के दौरान 17 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान हुई। इन मरीजों को आगे की आवश्यक चिकित्सा एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, जबलपुर रेफर किया गया। यहां मरीजों को पूर्णत: नि:शुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिससे जरूरतमंद मरीजों को राहत मिली।

इस अवसर पर परम पूज्य श्री कैलाशवन जी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पवन कुमार यादव, अमन पटेल, डॉ प्रियांश जैन सहित सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

सहयोगियों के प्रति आभार

समिति के संस्थापक पंडित कार्तिकेय तिवारी ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी ग्रामवासियों एवं स्वास्थ्य टीम के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने और समाज सेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

जागृति दुर्गा उत्सव समिति में आज कन्या भोजन एवं भंडारा

पनागर नवभारत 25 अक्टूबर। जागृति दुर्गा उत्सव समिति, बड़े स्कूल पनागर में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नौ दिनों तक चले निरंतर पूजन-पाठ सम्पन्न होने के बाद आज 12 बजे से कन्या भोजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया उक्त जानकारी नितिन गौतम द्वारा दी गई है समस्त श्रद्धालु भक्तों एवं नागरिकों से भंडारे में उपस्थित होने की अपील समिति पदाधिकारियों द्वारा की गई है

संतोष लखेरा का निधन

बेलखाडू 25 अक्टूबर। बेलखाडू नुनसर रोड निवासी श्री संतोष लखेरा उम्र 47 वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया आप दुर्गेश लखेरा के पिता रज्जन लखेरा, शारदा लखेरा के भाई थे।अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम ग्राम बेलखाडू में संपन्न हुआ।



प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

पनागर बायपास में बड़ी संख्या में पहुंचे नगर कांग्रेस सदस्य

पनागर नवभारत 25 अक्टूबर। नगर कांग्रेस कमेटी पनागर के द्वारा अध्यक्ष स्वप्निल सिंह ठाकुर अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी का कटनी बरही प्रवास के दौरान पनागर बाईपास मेंस्वागत किया गया उपस्थित जनों ने श्री पटवारी को श्रीफल एवं माला पहनाकर स्वागत किया।

जिसमें उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल पूर्व न पा अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर शरद खजांची पार्षद राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि विमल जैन विधानसभा अध्यक्ष युवा कांग्रेस लकी पटेल संदीप शर्मा वरिष्ठ नेता विनोद श्रीवास्तव, अविनाश, रेहान अली, जावेद मिर्जा, गणेश दहिया, राजेश खटीक, राहुल जैन, रितेश नायक, राहुल व्यास, विशाल चौरसिया, राम सिंह, मोहन चौरसिया बुढ़ागर, महेंद्र प्रजापति, बेड़ी लाल, टिक्कू कुशवाहा पडा गोरी विजय पटेल देवरी, सानू खरे, कन्हैया दाहिया के साथ अनेक कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

पनागर के छोटी खेरमाई मंदिर में भंडारा आज

पनागर नवभारत 25 अक्टूबर। माँ शारदा परिवार, छोटी खेरमाई मंदिर, पनागर के तत्वावधान में आज सोमवार को एकभंडारे का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार, छोटी खेरमाई पनागर में शारदेय नवरात्रि पर मैहरधाम की तर्ज पर माँ शारदा जी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। इस वर्ष यहाँ विशेष रूप से स्थापित 'रामसेतु के तैरने वाले पत्थर' श्रद्धालुओं के बीच मुख्य आकर्षण का केन्द्र बने रहे, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुँचे। इसी उपलक्ष्य में अब माँ के भक्तों के लिए इस विशाल भंडारे (महाप्रसाद) का आयोजन किया जा रहा है। माँ शारदा परिवार छोटी खेरमाई, पनागर के समस्त आयोजकों ने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं, माताओं और बहनों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर माँ का आशीर्वाद लें।

अभियान

प्रस्फुटन क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करेंगी समितियां



पनागर नवभारत 25 अक्टूबर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड पनागर ,नवांकुर संस्था, सुनहरा कल बेल्फेयर फाउंडेशन सेक्टर पनागर के द्वारा शासकीय कला महाविद्यालय पनागर में नगर व ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान, क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया, विकासखण्ड समन्वयक भारत महरोलिया, नवांकुर संस्था सेक्टर प्रभारी धर्मेंद्र कुशवाहा की उपस्थिति में आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम में जिला समन्वयक घनश्याम रायपुरिया ने प्रस्फुटन समितियों का स्वयंसेवी संगठन के रूप में उन्नयन,संवाद कौशल आवश्यकता एवं तकनीक,नेतृत्व विकास एवं जल संचय अभियान के विषय पर जानकारी दी गई।

विकासखंड समन्वयक भारत महरोलिया ने कार्यक्रम की प्रस्तावना उद्देश्य एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का परिचय, उद्देश्य, लक्ष्य, एमआईएस में कार्यक्रम,अभियान की जानकारी अपलोड करने एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुचाने के विषय में जानकारी दी। परामर्शदाता रवि बोहत ने उपस्थित समिति सदस्यों को दस्तावेजीकरण के विषय मे जानकारी दी गई है। कार्यक्रम का संचालन धर्मेंद्र कुशवाहा नवांकुर संस्था सेक्टर प्रभारी पनागर के द्वारा किया गया है

कार्यक्रम पश्चात उपस्थित समिति सदस्यों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया एवं महाविद्यालय प्रांगण में आम एवं पीपल के पौधों को सभी की उपस्थिति में लगाया गया है।

कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति सदस्य संजीव पांडे, प्रमोद रजक, राजेश सोनी, राहुल लोधी, ब्रजेश केवट,कु.प्राची केवट,कु.कामनी गौड़ के साथ अन्य प्रस्फुटन समितियों के सदस्यो की उपस्थिति में प्रशिक्षण संपन्न किया गया है।



वीरांत विद्या संस्कार के समापन पर वितरित किए गए पुरस्कार

नवभारत,जबलपुर। वीरांत विद्या संस्कार शिक्षण शिविर का रविवार 25 अक्टूबर 26 को समापन हुआ। इस मौके पर एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जिसके बाद लाखा भवन में परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए जिसमें 9 विषयों पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आये श्रावकों को पुरस्कार वितरण किया गया।

पुरस्कार में आटा चक्की, ओटीजी तथा मिक्सी दी गई एवं ब्रीफकेस प्रदान किया गया। सांतवना पुरस्कार में सभी श्रावकों को को दीपक प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीएसटी कमिश्नर आभा जैन तथा उनके पति सत्येंद्र जैन द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए। कार्यक्रम मुनि सेवा संघ जबलपुर द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शोभा आनंद सिंघाई, अरविंद जैन चांवल, राजेश जैन किराना, अरविंद जैन राजा, दीना जैन लोहा द्वारा बढ़ाई गई।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् का काव्य उत्सव

नवभारत, जबलपुर। अभा साहित्य परिषद् जबलपुर इकाई द्वारा सुहागी में शरदोत्सव एंव महर्षि बाल्मीक की जयंती की पूर्व संध्या में काव्य उत्सव का गरिमामय आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ. अभिजातकृष्ण त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य, इंद्रदत्त त्रिपाठी की अध्यक्षता, राजेश दुबे बबलू के विशिष्ट आतिथ्य, मुख्य वक्ता डॉ. कौशल दुबे की उपस्थिति में डॉ. कमलेश व्यास के संचालन में कवि गोष्ठी संपन्न हुई।



जिसमें डॉ उदयभानु तिवारी, राज सागरी, अभिमन्यु जैन, सुरेश विचित्र, डॉ नरेश द्विवेदी,अखिलेश शुक्ल, विभाषमणि वैरागी, लखनलाल ने कविता पाठ किया। प्रथम चरण में अखिलेश शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत किया, कृष्णकांत शुक्ला ने अतिथियों का परिचय दिया। आभार प्रदर्शन धर्मेश चतुर्वेदीने किया।

डॉ. सुमित्र का सृजन समाज की मूल धारा से जुड़ा था

डॉ. राजकुमार सुमित्र स्मृति समारोह में साहित्यकारों और संस्थाओं का सम्मान

जबलपुर। पाथेय साहित्य कला अकादमी द्वारा दत्त मंदिर सभागृह में आयोजित डॉ. राजकुमार सुमित्र स्मृति संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह में सिहोरा के साहित्यकार अश्विनी कुमार पाठक को डॉ. सुमित्र सृजन सम्मान तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दीप्ति पटेल को सुमित्र कविता सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में योगदान के लिए सात संस्थाओं को संस्थाश्री अलंकरण से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अजय विश्नोई रहे, जबकि अध्यक्षता डॉ. हरिशंकर दुबे ने की। विशिष्ट अतिथि विकास प्राधिकरण अध्यक्ष संदीप जैन एवं पूर्व महापौर प्रभात साहू रहे।

वक्ताओं ने डॉ. राजकुमार सुमित्र के साहित्यिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका सृजन समाज की मूल धारा, जीवन मूल्यों और सांस्कृतिक चेतना से जुड़ा था। समारोह में डॉ. हर्ष कुमार तिवारी, मोहिनी तिवारी, डॉ. कामना कौस्तुभ एवं प्रियम तिवारी ने सम्मान प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन अकादमी के महासचिव राजेश पाठक प्रवीण ने किया।

महिला मंडल को सम्मानित किया गया- संस्थाश्री अलंकरण से ब्राह्मण स्वयंवर संस्कार महासभा महिला प्रकोष्ठ, सर्व मंगला संस्था, कायस्थ महासभा महिला, जिला माहेश्वरी समाज, जिला साहू समाज महिला प्रकोष्ठ, सेम सीनियर सिटीजन क्लब तथा जायसवाल समाज महिला मंडल को सम्मानित किया गया। इस दौरान सेम सीनियर सिटीजन क्लब के कलाकारों ने सैनिकों के जीवन पर आधारित लघु नाटक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रतुल श्रीवास्तव, राजेंद्र मिश्रा, संतोष नेमा, यशोवर्धन पाठक, डॉ. विजय किसलय, राजेंद्र तिवारी, डॉ. अनिल कोरी, विनीता पैगवार और गणेश प्यासा सहित अकादमी के सदस्य उपस्थित रहे।